Series S7PQR

SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/7/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

भूगोल (सैद्धान्तिक)

GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।

Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **30** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है — **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

(iii) ***खण्ड क** — प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

(iv) ***खण्ड ख** — प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(v) ***खण्ड ग** — प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

(vi) ***खण्ड घ** — प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

(vii) ***खण्ड ङ** — प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।*

(viii) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क और ख के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

1. भारत में सबसे पहली तेल पाइपलाइन का निर्माण निम्नलिखित में से किन दो स्थानों के मध्य हुआ ?

(A) हज़ीरा से विजयपुर

(B) हज़ीरा से झाबुआ

(C) नहरकटिया तेल क्षेत्र से बरौनी

(D) नहरकटिया तेल क्षेत्र से हल्दिया

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

(iii) ***Section A** – Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** – Questions no. **18** and **19** are Source-based Questions. Each question carries **3** marks.*

(v) ***Section C** – Questions no. **20** to **23** are Short Answer Type Questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

(vi) ***Section D** – Questions no. **24** to **28** are Long Answer Type Questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

(vii) ***Section E** – Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions. Each question carries **5** marks.*

(viii) *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

(ix) *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A and B.*

SECTION A

*Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

1. The first oil pipeline in India was constructed between which of the following two places ?

(A) Hazira to Vijaipur

(B) Hazira to Jhabua

(C) Naharkatiya oil fields to Barauni

(D) Naharkatiya oil fields to Haldia

2. कोंकण रेलवे में निम्नलिखित में से कौन-से राज्यों का समूह भागीदार हैं ?

(A) गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात

(B) कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा

(C) कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु

(D) महाराष्ट्र, गोवा, केरल

3. रालेगन सिद्धि गाँव के एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ने निम्नलिखित में से किन बुराइयों को रोकने की सलाह दी ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

I. खुली चराई

II. ऐच्छिक श्रम

III. वृक्षों की कटाई

IV. मद्यपान

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

4. 'अरवारी पानी संसद' द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य प्रमुखता से किया गया ?

(A) घरों को जल वितरित करने के लिए अवसंरचना का निर्माण करना

(B) जल संग्रहण के लिए ढाँचा बनाना

(C) सिंचाई के लिए नहरों का निर्माण करना

(D) जल भंडारण के लिए रोक बाँधों का निर्माण करना

5. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद ग़ैर-आधारभूत उद्योग का उदाहरण है ?

(A) ऊनी धागा

(B) प्रसंस्कृत चमड़ा

(C) कागज़

(D) सूती कमीज

2. Which one of the following set of states are partners in the Konkan Railway ?

(A) Goa, Maharashtra, Gujarat

(B) Karnataka, Maharashtra, Goa

(C) Karnataka, Kerala, Tamil Nadu

(D) Maharashtra, Goa, Kerala

3. Which of the following evils were advised to be stopped by a retired army personnel in Ralegan Siddhi village ? Choose the most appropriate option.

I. Open grazing

II. Voluntary labour

III. Felling trees

IV. Drinking liquor

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

4. Which one of the following tasks was primarily taken up by the 'Arvari Pani Sansad' ?

(A) Building infrastructure for water distribution to homes

(B) Constructing structures for water harvesting

(C) Constructing canals for irrigation

(D) Building check dams for water storage

5. Which one of the following products is an example of non-basic industry ?

(A) Woollen yarn

(B) Processed leather

(C) Paper

(D) Cotton shirt

6. खाद्यान्न फसलों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) ज्वार, मक्का, सरसों

(B) ज्वार, बाजरा, मक्का

(C) बाजरा, चावल, मूँगफली

(D) चावल, मूँगफली, सरसों

7. स्तंभ I का स्तंभ II से सही मिलान कीजिए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

स्तंभ I (फसल)		*स्तंभ II (उत्पादन में अग्रणी राज्य)*	
a.	चावल	i.	मध्य प्रदेश
b.	मक्का	ii.	उत्तर प्रदेश
c.	गन्ना	iii.	पश्चिम बंगाल
d.	सोयाबीन	iv.	कर्नाटक

विकल्प :

(A) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

8. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A) : भारत में ग्रामीण-नगरीय जनसंख्या का वितरण असमान है।

कारण (R) : भारत की कुल श्रमशक्ति का आधे से अधिक हिस्सा प्राथमिक क्षेत्रक में संलग्न है।

विकल्प :

(A) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(B) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

9. ऑस्ट्रिक भाषा परिवार के वाक् क्षेत्र से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल

(B) पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश

(C) बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश

(D) ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़

6. Choose the correct option related to foodgrain crops.

(A) Jowar, Maize, Mustard

(B) Jowar, Bajra, Maize

(C) Bajra, Rice, Groundnut

(D) Rice, Groundnut, Mustard

7. Match Column I with Column II correctly and choose the most appropriate option.

Column I (Crop)	*Column II (Leading State in Production)*
a. Rice	i. Madhya Pradesh
b. Maize	ii. Uttar Pradesh
c. Sugarcane	iii. West Bengal
d. Soyabean	iv. Karnataka

Options :

(A) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

8. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

Assertion (A) : There is an uneven distribution of rural-urban population in India.

Reason (R) : More than half of India's total workforce is engaged in the primary sector.

Options :

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

9. Choose the correct option related to the speech area of Austric language family.

(A) Meghalaya, Assam, West Bengal

(B) West Bengal, Bihar, Uttar Pradesh

(C) Bihar, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh

(D) Odisha, Andhra Pradesh, Chhattisgarh

10. बॉक्साइट की निम्नलिखित खनन क्षेत्रों को उनकी अवस्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण की ओर व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. बिलासपुर
II. कटनी
III. कोरापुट
IV. अमरकंटक

विकल्प :

(A) I, III, IV, II
(B) I, III, II, IV
(C) II, IV, I, III
(D) II, IV, III, I

11. अशोधित जन्म दर की गणना से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) एक वर्ष में जन्मों की संख्या ÷ वर्ष के अंत में कुल जनसंख्या × 1000

(B) एक वर्ष में जीवित जन्मों की संख्या ÷ वर्ष के अंत में कुल जनसंख्या × 1000

(C) एक वर्ष में जीवित जन्मों की संख्या ÷ वर्ष के मध्य में अनुमानित जनसंख्या × 1000

(D) एक वर्ष में कुल जन्मों की संख्या ÷ वर्ष के मध्य में अनुमानित जनसंख्या × 1000

12. 'स्वच्छंद उद्योग' की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. ये व्यापक विविधता वाले स्थानों में अवस्थित होते हैं।
II. ये कच्चे माल और तैयार उत्पादों के बीच भार के अंतर से अवस्थित होते हैं।
III. ये कहीं से भी प्राप्त किए जाने वाले संघटक पुर्जों पर निर्भर रहते हैं।
IV. ये परिवहन के जाल द्वारा अभिगम्यता पर निर्भर रहते हैं।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल I, II और IV सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल II, III और IV सही हैं।

13. डेरी उत्पाद की 'शीघ्र नष्टशीलता' के कारण विश्व का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र डेरी उद्योग के लिए उपयुक्त है ?

(A) उत्तर-पश्चिमी यूरोपीय क्षेत्र
(B) उत्तर-पश्चिमी अफ्रीकी क्षेत्र
(C) दक्षिण-पश्चिमी दक्षिण अमरीकी क्षेत्र
(D) दक्षिण-पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई क्षेत्र

10. Arrange the following mining areas of bauxite according to their location from north to south and choose the correct option :

I. Bilaspur
II. Katni
III. Koraput
IV. Amarkantak

Options :

(A) I, III, IV, II
(B) I, III, II, IV
(C) II, IV, I, III
(D) II, IV, III, I

11. Choose the correct option related to crude birth rate calculation.

(A) Number of births in a year ÷ Total population at the end of the year × 1000

(B) Number of live births in a year ÷ Total population at the end of the year × 1000

(C) Number of live births in a year ÷ Estimated midyear population × 1000

(D) Number of total births in a year ÷ Estimated midyear population × 1000

12. Read the following characteristics of 'footloose industry' carefully and choose the correct option.

I. They are located in a wide variety of places.
II. They are located by the weight difference between the raw materials and finished products.
III. They are dependent on component parts which can be obtained from anywhere.
IV. They are dependent on accessibility by transportation network.

Options :

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only I, II and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only II, III and IV are correct.

13. Dairy products being 'perishable', which one of the following regions of the world is suitable for dairy farming ?

(A) North-Western European Region
(B) North-Western African Region
(C) South-Western South American Region
(D) South-Western Australian Region

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A) : विश्व के विराट नगर प्रति वर्ष बड़ी संख्या में प्रवासियों को निरंतर आकर्षित करते हैं।

कारण (R) : खनिज निक्षेपों से युक्त क्षेत्र कुशल एवं अर्ध-कुशल कर्मियों को आकर्षित करते हैं और जनसंख्या को सघन बना देते हैं।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

*दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए।*

भारत : दशकीय जन्म दर, मृत्यु दर और प्राकृतिक वृद्धि दर, 1901 – 2011

दशक	*अशोधित जन्म दर प्रति 1000*	*अशोधित मृत्यु दर प्रति 1000*	*प्राकृतिक वृद्धि दर (प्रति 1000)*
1901 – 1911	49·2	42·6	6·6
1911 – 1921	48·1	47·2	0·9
1921 – 1931	46·4	36·2	10·2
1931 – 1941	45·9	37·2	8·7
1941 – 1951	39·9	27·4	12·5
1951 – 1961	41·7	22·8	18·9
1961 – 1971	41·1	19·0	22·1
1971 – 1981	37·2	15·0	22·2
1981 – 1991	29·5	9·8	19·7
1991 – 2001	25·4	8·4	17·0
2001 – 2011	21·8	7·1	14·7

15. भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्नलिखित में से किस प्रावस्था को जनसंख्या विस्फोट के रूप में जाना जाता है ?

(A) प्रावस्था-क

(B) प्रावस्था-ख

(C) प्रावस्था-ग

(D) प्रावस्था-घ

14. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

Assertion (A) : Mega cities of the world continue to attract large numbers of migrants every year.

Reason (R) : Areas with mineral deposits attract skilled and semi-skilled workers and become densely populated.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

Study the given table carefully and answer the questions no. ***15*** *to* ***17****.*

India : Decadal Birth Rate, Death Rate and Rate of Natural Increase, 1901 – 2011

Decades	*Crude Birth Rate Per 1000*	*Crude Death Rate Per 1000*	*Rate of Natural Increase (Per 1000)*
1901 – 1911	49·2	42·6	6·6
1911 – 1921	48·1	47·2	0·9
1921 – 1931	46·4	36·2	10·2
1931 – 1941	45·9	37·2	8·7
1941 – 1951	39·9	27·4	12·5
1951 – 1961	41·7	22·8	18·9
1961 – 1971	41·1	19·0	22·1
1971 – 1981	37·2	15·0	22·2
1981 – 1991	29·5	9·8	19·7
1991 – 2001	25·4	8·4	17·0
2001 – 2011	21·8	7·1	14·7

15. Which one of the following phases of population growth in India is known as the population explosion ?

(A) Phase I

(B) Phase II

(C) Phase III

(D) Phase IV

16. भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रावस्था-क के समयान्तराल से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) 1901 से 1911 (B) 1901 से 1921

(C) 1901 से 1931 (D) 1901 से 1941

17. जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) जन्म – मृत्यु

(B) जन्म + मृत्यु

(C) जन्म – मृत्यु + आप्रवास – उत्प्रवास

(D) जन्म + मृत्यु – आप्रवास + उत्प्रवास

खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

18. दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



16. Choose the correct option related to the time interval of Phase I of population growth in India.

(A) 1901 to 1911 (B) 1901 to 1921

(C) 1901 to 1931 (D) 1901 to 1941

17. Choose the correct option related to the natural growth of population.

(A) Births – Deaths

(B) Births + Deaths

(C) Births – Deaths + In-migration – Out-migration

(D) Births + Deaths – In-migration + Out-migration

SECTION B

Questions no. ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

18. Study the given map carefully and answer the questions that follow :



(18.1) पार-कैनेडियन रेलमार्ग किन दो महासागरों को जोड़ता है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) इस रेलमार्ग पर स्थित एक औद्योगिक प्रदेश का नाम लिखिए। *1*

(18.3) इस मार्ग को कनाडा की आर्थिक धमनी क्यों कहा जाता है ? *1*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है।*

पार-कैनेडियन रेलमार्ग के आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। *3*

19. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

व्यापार संतुलन

व्यापार संतुलन, एक देश के द्वारा अन्य देशों को आयात एवं इसी प्रकार निर्यात की गई वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा (परिमाण) का प्रलेखन करता है। यदि आयात का मूल्य, देश के निर्यात मूल्य की अपेक्षा अधिक है तो देश का व्यापार संतुलन ऋणात्मक अथवा प्रतिकूल है। यदि निर्यात का मूल्य, आयात के मूल्य की तुलना में अधिक है तो देश का व्यापार संतुलन धनात्मक अथवा अनुकूल है।

एक देश की आर्थिकी के लिए व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन के गंभीर निहितार्थ होते हैं। एक ऋणात्मक संतुलन का अर्थ होगा कि देश वस्तुओं के क्रय पर उससे अधिक व्यय करता है जितना कि अपने सामानों के विक्रय से अर्जित करता है। यह अंतिम रूप में वित्तीय संचय की समाप्ति को अभिप्रेरित करता है।

(19.1) धनात्मक व्यापार संतुलन की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। *1*

(19.2) विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर धनात्मक व्यापार संतुलन के प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *1*

(19.3) विकासशील देशों पर ऋणात्मक व्यापार संतुलन के प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *1*

खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *4×3=12*

20. "प्राकृतिक नियमों का अनुपालन करके हम प्रकृति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *3*

(18.1) Which two oceans does the Trans-Canadian Railway connect ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) Name an industrial region located along this railway. *1*

(18.3) Why is this route called the economic artery of Canada ? *1*

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***18****.*

Explain the economic significance of the Trans-Canadian Railway. *3*

19. Read the given passage carefully and answer the questions that follow.

Balance of Trade

Balance of trade records the volume of goods and services imported as well as exported by a country to other countries. If the value of imports is more than the value of a country's exports, the country has negative or unfavourable balance of trade. If the value of exports is more than the value of imports, then the country has a positive or favourable balance of trade.

Balance of trade and balance of payments have serious implications for a country's economy. A negative balance would mean that the country spends more on buying goods than it can earn by selling its goods. This would ultimately lead to exhaustion of its financial reserves.

(19.1) Explain the concept of a positive balance of trade. *1*

(19.2) Explain the impacts of a positive trade balance on the economies of developed countries. *1*

(19.3) Explain the impacts of a negative trade balance on developing countries. *1*

SECTION C

Questions no. ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

20. "Human beings can conquer nature by obeying it." Justify the statement with examples. *3*

21. (क) मानव विकास के 'कल्याण उपागम' की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। *3*

अथवा

(ख) मानव विकास के 'आधारभूत आवश्यकता उपागम' की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। *3*

22. भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों को प्रभावित करने वाले कारकों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *3*

23. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए :

जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत



जन्म दर, मृत्यु दर एवं जनसंख्या वृद्धि के आधार पर 'जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत' की द्वितीय अवस्था का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए। *3*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **23** के स्थान पर है।*

विश्व में 'जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत' का विश्लेषण कीजिए। *3*

21. (a) Explain the main characteristics of 'welfare approach' to human development. *3*

OR

(b) Explain the main characteristics of the 'basic needs approach' to human development. *3*

22. Explain the factors affecting the types of rural settlements in India with examples. *3*

23. Study the given diagram carefully and answer the question that follows :

Demographic Transition Theory



Analyse the second stage of the 'Demographic Transition Theory' on the basis of birth rate, death rate and population growth with example. *3*

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***23****.*

Analyse the 'Demographic Transition Theory' in the world. *3*

खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *5×5=25*

24. ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए और इस समस्या को कम करने के लिए उपाय सुझाइए। *2+3=5*

25. (क) "भोजन संग्रह एवं आखेट ज्ञात प्राचीनतम आर्थिक क्रियाएँ हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

अथवा

(ख) "भूमध्यसागरीय कृषि अति विशिष्ट प्रकार की वाणिज्य कृषि है।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

26. (क) भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में समुद्री पत्तनों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *5*

अथवा

(ख) भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। *5*

27. (क) 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' को परिभाषित कीजिए। 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना' के अंतर्गत भरमौर क्षेत्र की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। *1+4=5*

अथवा

(ख) 'सतत पोषणीय विकास' को परिभाषित कीजिए। इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने वाले उपायों का वर्णन कीजिए। *1+4=5*

28. (क) ग्रामीण एवं नगरीय विपणन केंद्रों में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

अथवा

(ख) फुटकर एवं थोक व्यापार में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

SECTION D

Questions no. ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

24. Explain the main causes of noise pollution and suggest measures to reduce this problem. *2+3=5*

25. (a) "Gathering and hunting are the oldest economic activities known." Support the statement with examples. *5*

OR

(b) "Mediterranean agriculture is highly specialised commercial agriculture." Support the statement with examples. *5*

26. (a) Analyse the role of seaports in India's international trade. *5*

OR

(b) Analyse the role of air transportation in India's international trade. *5*

27. (a) Define the term 'target area planning'. Describe the achievements in the Bharmaur region under the 'Integrated Tribal Development Project'. *1+4=5*

OR

(b) Define the term 'sustainable development'. Describe the measures to promote sustainable development in the Indira Gandhi Canal command area. *1+4=5*

28. (a) Explain the difference between rural and urban marketing centres with examples. *5*

OR

(b) Explain the difference between retail and wholesale trading with examples. *5*

खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

29. दिए गए **विश्व** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) पर, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *5×1=5*

A. 'निर्वाहन संग्रहण' का एक प्रमुख क्षेत्र

B. 'वाणिज्य पशुधन पालन' का एक प्रमुख क्षेत्र

C. 'वाणिज्य अनाज कृषि' का एक प्रमुख क्षेत्र

D. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

E. पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग का एक टर्मिनल स्टेशन

F. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

G. एक प्रमुख वायु पत्तन

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं। किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *5×1=5*

(29.1) उत्तरी अमेरिका के निर्वाहन संग्रहण के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.2) दक्षिणी अमेरिका के वाणिज्य पशुधन पालन के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.3) अफ्रीका के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तट पर एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(29.5) ऑस्ट्रेलियाई पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग के पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.6) लाल सागर में यमन के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.7) फ्रांस में उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

SECTION E

Questions no. ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions.* *2×5=10*

29. On the given political outline map of the **World** (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. *5×1=5*

A. A major area of 'subsistence gathering'

B. A major area of 'commercial livestock rearing'

C. A major area of 'commercial grain farming'

D. A major seaport

E. A terminal station of the trans-continental railway

F. A major seaport

G. A major airport

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***29****.*

Answer any ***five*** *questions.* *5×1=5*

(29.1) Name a major area of subsistence gathering in north America.

(29.2) Name a major area of commercial livestock rearing in south America.

(29.3) Name a major area of extensive commercial grain farming in Africa.

(29.4) Name the place where a major seaport is located on the western coast of the United States of America.

(29.5) Name the western terminal station of the Australian trans-continental railway.

(29.6) Name a major seaport of Yemen in the Red Sea.

(29.7) Name the place in France where a major international airport is located.

30. दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) पर, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए। *5×1=5*

(30.1) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.2) ओडिशा में स्थित बॉक्साइट की खानें

(30.3) पूर्वी महाराष्ट्र में स्थित लौह-अयस्क की खानें

(30.4) उत्तर प्रदेश में स्थित एक तेल शोधन कारखाना

(30.5) दक्षिणी झारखंड में स्थित ताँबे की खानें

(30.6) ओडिशा में स्थित एक लौह-अयस्क निर्यातक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.7) गुजरात में स्थित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *5×1=5*

(30.1) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) ओडिशा में स्थित बॉक्साइट खनन क्षेत्र का नाम लिखिए।

(30.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पूर्वी महाराष्ट्र में लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं।

(30.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में एक तेल शोधन कारखाना स्थित हैं।

(30.5) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दक्षिणी झारखंड में ताँबे की खानें स्थित हैं।

(30.6) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में एक लौह-अयस्क निर्यातक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(30.7) गुजरात के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

30. On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols. *5×1=5*

(30.1) The state leading in the coffee production

(30.2) Bauxite mines located in Odisha

(30.3) Iron-ore mines located in eastern Maharashtra

(30.4) An oil refinery located in Uttar Pradesh

(30.5) Copper mines located in southern Jharkhand

(30.6) An iron-ore exporting major seaport located in Odisha

(30.7) A major international airport located in Gujarat

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***30****.*

Answer any ***five*** *questions.* *5×1=5*

(30.1) Name the state leading in the production of coffee.

(30.2) Name the area of bauxite mining located in Odisha.

(30.3) Name the place where iron-ore mines are located in eastern Maharashtra.

(30.4) Name the place where an oil refinery is located in Uttar Pradesh.

(30.5) Name the place where copper mines are located in southern Jharkhand.

(30.6) Name the place where an iron-ore exporting major seaport is located in Odisha.

(30.7) Name the place of Gujarat where a major international airport is located.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

For question no. 29



प्रश्न संख्या 30 के लिए

For question no. 30